परमेश्वर विरासत हैं

स्तुति - परमेश्वर, उसके गुण, उसके नाम व उसके स्वभाव की स्तुति
विशेषता: परमेश्वर विरासत हैं

परिभाषा: जन्मसिद्ध अधिकार, धरोहर, विरासत और भाग

पवित्र शास्त्र(ओं): विलापगीत 3:23-24; इफिसियों 1:11-14; तीतुस 3:4-7; 1 पतरस 1:3-5

कबूल - धीमे स्वर में, क्षमा करनेवाले परमेश्वर से, पापो को कबूल करना
यदि हम अपने पापों को मान लें, तो वह हमारे पापों को क्षमा करने, और हमें सब अधर्म से शुद्ध करने में विश्वासयोग्य और धर्मी है। 1 यूहन्ना 1:9

धन्यवाद् - *यहोवा ने हमारे लिए जो कुछ दिया है, उसके लिए धन्यवाद् करो।*
हर बात में धन्यवाद करो: क्योंकि तुम्हारे लिये मसीह यीशु में परमेश्वर की यही इच्छा है। 1 थिस्सलुनीकियों 5:18

मध्यस्थता - दूसरों की ओर से प्रार्थना में परमेश्वर के पास आना

अपने बच्चों के लिए - प्रत्येक माँ एक बच्चे को चुनती है। पहले वचन प्रार्थना करे फिर कोई एक विशेष अनुरोध के लिए।

पवित्र शास्त्र: *परमेश्वर, _______ जान सके कि आप ही उसकी विरासत हैं, उसकी आशीर्वाद के प्याले हैं। आप उसकी हर चीज की रक्षा करते हैं। भजन संहिता 16:5*

शिक्षक / स्टाफ
पवित्र शास्त्र: अपने बच्चे के शिक्षकों के लिए नीचे दिए गए वचन का उपयोग करें।

कि तू ___________________ की आंखे खोले, कि वे अंधकार से ज्योति की ओर, और शैतान के अधिकार से परमेश्वर की ओर फिरें; कि पापों की क्षमा, और उन लोगों के साथ जो तुझ पर विश्वास करने से पवित्र किए गए हैं, मीरास पाएं। प्रेरितों के काम 26:18

Moms in Prayer INTERNATIONAL
MomsInPrayer.org

Revised 2020—Copyright Moms in Prayer International 2020

स्कूल से संबन्धित चिंता

1. अपने विद्यालय में जागृति और आत्मिक जागृति के लिए प्रार्थना करें।
2. अपने स्कूल के कर्मचारियों और छात्रों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करें।
3. बच्चों के लिए प्रार्थना करे की वे सच्चाई की खोज करके उसका पीछा करे।
4. माता-पिता और बच्चों के बीच अच्छे प्रेम संबंधों के लिए प्रार्थना करें। घरों में मौखिक और शारीरिक शोषण के खिलाफ प्रार्थना करें।

MIPI चिंता

1. प्रार्थना करें कि दुनिया भर के हर स्कूल को प्रार्थना में ढका जाए, समूहों को स्थिर बनाए रखा जाए, और सेवकाई की सुरक्षा के लिए।।
2. परमेश्वर इस सेवा को एकता मे शुद्ध और निष्कलंक रखे व इसकी सुरक्षा करे।
3. मसीह के लिए अधिक बच्चों, स्कूलों व राष्ट्रों को प्रभावित करने के लिए, अनेक दान देनेवाले सेवकाई के साथ जुड़े।

याद रखें, इस समूह में जो प्रार्थना की जाती है, इसके भीतर ही रहता है!

MomsInPrayer.org

Revised 2020—Copyright Moms in Prayer International 2020